रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-23122024-259605
CG-DL-E-23122024-259605

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

| | |
|---|---|
| सं. 717] | नई दिल्ली, सोमवार, दिसम्बर 23, 2024/पौष 2, 1946 |
| No. 717] | NEW DELHI, MONDAY, DECEMBER 23, 2024/PAUSHA 2, 1946 |


## वित्त मंत्रालय

## (आर्थिक कार्य विभाग)

## अधिसूचना

नई दिल्ली, 23 दिसम्बर, 2024

**सा.का.नि. 779(अ).—**केन्द्रीय सरकार, सिक्का निर्माण अधिनियम, 2011 (2011 का 11) की धारा 24 की उपधारा (2) के खंड (घ) और खंड (ड.) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात्:-

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ.-**(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम सिक्का निर्माण) **श्री अटल बिहारी वाजपेयी जन्म शताब्दी** के अवसर पर स्मारक सिक्का जारी करना (नियम,2024 है।

(2) ये राजपत्र में इनके प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. **सिक्के का मूल्यवर्ग.-** श्री अटल बिहारी वाजपेयी जन्म शताब्दी" के अवसर पर केंद्रीय सरकार के प्राधिकार के अधीन जारी करने के लिए टकसाल में एक सौ रुपये मूल्य वर्ग का सिक्का ढाला जाएगा ।

3. **सिक्के की विमाएं और संरचना -** नियम 2 में उल्लिखित मूल्य वर्ग के सिक्के, निम्नलिखित विमाओं और संरचना के अनुरूप होंगे,अर्थात्:-

| सिक्के का मूल्यवर्ग | आकृति और बाह्य व्यास | दांतों की संख्या | धातु संरचना |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| एक सौ रुपये | वृत्ताकार<br>44 मिलीमीटर | 200 | शुद्ध चांदी<br>चांदी- 99.9 प्रतिशत |

4. **डिज़ाइन –** सिक्के का डिज़ाइन वह होगा जो इन नियमों की पहली अनुसूची में यथा विनिर्दिष्ट है।

5. **मानक वजन और अनुज्ञात उपचार -** श्री अटल बिहारी वाजपेयी जन्म शताब्दी के अवसर को मनाने के लिए नियम 2 में निर्दिष्ट मूल्य वर्ग के ढाले गए सिक्के का मानक वजन और ऐसे सिक्के को बनाने में अनुज्ञात उपचार वह होगा जो इन नियमों की दूसरी अनुसूची में यथा विनिर्दिष्ट है।

**पहली अनुसूची**

**(नियम 4 देखें)**

**एक सौ रुपये**

**अग्र भाग:**

सिक्के के इस भाग पर मध्य में अशोक स्तम्भ का सिंह स्तम्भ शीर्ष होगा, जिसके नीचे **"सत्यमेव जयते"** लेख उत्कीर्णित होगा, उसकी बाई परिधि पर देवनागरी लिपि में **"भारत"** शब्द और दाई परिधि पर अंग्रेजी में **"INDIA"** शब्द होगा। सिंह स्तम्भ शीर्ष के नीचे रुपये का प्रतीक **"₹"** और अंतर्राष्ट्रीय अंकों में अंकित मूल्य **"100"** भी होगा ।

**पृष्ठ भाग:**

सिक्के के इस भाग के मध्य में श्री अटल बिहारी वाजपेयी का चित्र होगा। सिक्के के ऊपरी परिधि पर देवनागरी लिपि में **"श्री अटल बिहारी वाजपेयी जन्म शताब्दी"** लिखा होगा और सिक्के की निचली परिधि पर अंग्रेजी में **"SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE BIRTH CENTENARY"** वर्णित होगा। श्री अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र की निचली परिधि पर अंतर्राष्ट्रीय अंक में वर्ष **"2024"** लिखा होगा।

**दूसरी अनुसूची**

**(नियम 5 देखें)**

| सिक्के का मूल्यवर्ग | मानक वजन | अनुज्ञात उपचार | |
|---|---|---|---|
| | | धातु संरचना में | मानक वजन में |
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| एक सौ रुपये | 40 ग्राम | प्रति 1000 में चांदी का 999 अंश। चांदी के अंश में 999 और उसके ऊपर तक का अंतर हो सकेगा। | 1/8000 जोड़ कर या घटाकर , अर्थात वज़न में 39.995 ग्राम से 40.005 तक का अंतर हो सकता है। |

[फा. सं. 02/10/2018- सिक्का]

अपर्णा भाटिया, सलाहकार

**MINISTRY OF FINANCE**

**(Department of Economic Affairs)**

**NOTIFICATION**

New Delhi, the 23rd December, 2024

**G.S.R. 779(E)**.—In exercise of the powers conferred by clauses (d) and (e) of sub-section (2) of section 24 of the Coinage Act, 2011(11 of 2011), the Central Government hereby makes the following rules, namely:-

1. **Short title and commencement**.- (1) These rules may be called the Coinage (Issue of Commemorative Coin on the occasion of Shri Atal Bihari Vajpayee Birth Centenary) Rules, 2024.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. **Denomination of coin**.- The coin of one hundred rupees denomination shall only be coined at the Mint for issue under the authority of the Central Government to commemorate on the occasion of Shri Atal Bihari Vajpayee Birth Centenary**.**

3. **Dimension and composition of coin**.- The denomination of the coin mentioned in rule 2 shall conform to the following dimensions and composition, namely: -

| Denomination of coin | Shape and outside diameter | Number of serrations | Metal composition |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| One hundred rupees | Circular<br>44 millimeter | 200 | Pure Silver<br>Silver - 99.9 per cent. |

4. **Design**.- The design of the coin shall be as specified in the First Schedule annexed to these rules.

5. **Standard weight and remedy allowed**.- The standard weight of the coin of denomination referred in rule 2 to commemorate the occasion of Shri Atal Bihari Vajpayee Birth Centenary and the remedy allowed in making of such coin shall be as specified in the Second Schedule annexed to these rules.

**THE FIRST SCHEDULE**

**[*See rule 4*]**

**ONE HUNDRED RUPEES**

**OBVERSE:**

This face of the coin shall bear the Lion Capitol of Ashoka Pillar in the centre with the legend **"सत्यमेव जयते"** inscribed below, flanked on the left periphery with the word **"भारत"** in Devnagari script and on the right periphery with the word "**INDIA**" in English. It shall also bear the Rupee symbol "₹" and denominational value "**100**" in the international numerals below the Lion Capitol.

**REVERSE:**

This face of the coin shall bear the image of Shri Atal Bihari Vajpayee. The inscription **"श्री अटल बिहारी वाजपेयी जन्म शताब्दी"** shall be written in Devanagari script on the upper periphery of the coin and the inscription "**SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE BIRTH CENTENARY"** in English shall be depicted on the lower periphery of the coin. The year "**2024**" shall be written on the down side of the image of Shri Atal Bihari Vajpayee in international numbers.

**THE SECOND SCHEDULE**

**[*See rule 5*]**

| Denomination of coin | Standard weight | Remedy allowed | |
|---|---|---|---|
| | | In composition | In standard weight |
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| One hundred rupees | 40 Grams | 999 parts of silver per 1000. The tolerance for Silver content shall be 999 and above. | 1/8000th plus or minus that is to say weight could be 39.995 grams to 40.005 grams. |

[F. No. 02/10/2018- Coin]

APARNA BHATIA, Adviser

Uploaded by Dte. of Printing at Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054.
RAVINDER KUMAR
Digitally signed by RAVINDER KUMAR
Date: 2024.12.23 21:56:18 +05'30'